दैनिक जागरण : दिनांक : 31.05.2024

# नैक में बेहतर ग्रेड पाने की तैयारी में केएमसी

ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय (केएमसी) राष्ट्रीय मूल्यांकन और प्रत्यायन परिषद (नैक) से बेहतर ग्रेड पाने की तैयारी कर रहा है.। विश्वविद्यालय ने आइआइक्यूए (इंस्टीट्यूशनल इनफार्मेशन फार क्वालिटी असेसमेंट) के लिए आवेदन कर दिया है। आवेदन स्वीकृत होने के बाद एसएसआर (सेल्फ स्टडीज रिपोर्ट) नैक के पोर्टल पर अपलोड करेगा। विश्वविद्यालय पहली बार नैक मूल्यांकन कराने जा रहा है। इसमें नैक के सभी सात मानकों के हिसाब से डेटा तैयार किया गया है। कुलपति प्रो . एनबी सिंह ने बताया कि छात्रों के प्रवेश, परिणाम, प्लेसमेंट और अन्य उपलब्धियों के डेटा और फोटोग्राफ एकत्रित किए गए हैं। निर्धारित प्रोफार्मा में सभी तरह के डेटा भरे गए हैं। विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर वाल आफ फेम के नाम से पूर्व छात्रों की उपलब्धियों को भी दिया गया है।

CamScanner

हिन्दुस्तान
www.livehindustan.com
लखनऊ
गुरुवार
30 मई 2024


## काम की खबरें



# भाषा विश्वविद्यालय में एक जून से ग्रीष्मावकाश

लखनऊ। भाषा विश्वविद्यालय में ग्रीष्मावकाश घोषित हो गया है। कुलसचिव ने बताया कि एक जून से 30 जून ग्रीष्मावकाश रहेगा। कार्यालय खुले रहेंगे व प्रशासनिक, प्रवेश, परीक्षा, नैक एवं नियुक्ति सम्बंधी कार्यों में सम्मिलित शिक्षकों को नियमानुसार उपार्जित अवकाश दिया जाएगा।

CS CamScanner



भाषा विश्वविद्यालय और साफ्टफ्लू टेक्नोलाजी विश्वविद्यालय के बीच हुए समझौता पत्र पर हस्ताक्षर के दौरान कुलपति प्रो . एनबीसिंह, रजिस्ट्रार भावना मिश्रा व अन्य • भाषा वि.

## केएमसी भाषा विश्वविद्यालय के छात्रों की तकनीकी दक्षता बढ़ेगी

जासं • लखनऊ : तकनीकी शिक्षा को बढ़ावा देने और छात्रों को प्रैक्टिकल अनुभव देने के लिए ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय ( केएमसी ) ने पहल की है। इसके लिए उसने साफ्टफ्लू टेक्नोलाजी विश्वविद्यालय से हुए समझौते ( एमओयू ) पर हस्ताक्षर किया है। इसके तहत छात्रों को वास्तविक परियोजनाओं में प्रैक्टिकल अनुभव मिलेगा। छात्रों को औद्योगिक परियोजनाओं में काम करने का मौका मिलेगा। साथ ही उनके व्यावहारिक ज्ञान और अनुभव में वृद्धि भी होगी। एमओयू के दौरान कुलपति प्रो . एनबी सिंह, रजिस्ट्रार डा . भावना मिश्रा, समन्वयक डा .नीरज शुक्ला, साइमा अलीम उपस्थित रहे।

## न्यूज डायरी

# भाषा विवि : शोध के लिए किया एमओयू



लखनऊ। ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय और सॉफ्टफ्लू
टेक्नोलॉजीज शोध के लिए एक मंच पर आएंगे और विद्यार्थियों के
शैक्षणिक हित के लिए मिलकर काम करेंगे। प्रौद्योगिकी शिक्षा को उन्नति
देने और छात्रों को प्रैक्टिकल अनुभव प्रदान करने के उद्देश्य से दोनों
संस्थाओं के बीच बुधवार को एक एमओयू हस्ताक्षरित किया गया।
प्रवक्ता डॉ. रुचिता चौधरी ने बताया कि एमओयू के होने से छात्रों को
वास्तविक औद्योगिक परियोजनाओं में काम करने का अवसर मिलेगा।
इससे उनके व्यावहारिक ज्ञान और अनुभव में वृद्धि होगी। एमओयू
हस्ताक्षर के दौरान कुलपति प्रो. एनबी सिंह, रजिस्ट्रार डॉ. भावना मिश्रा,
एमओयू समन्वयक डॉ. नीरज शुक्ला, साइमा अलीम और सॉफ्टफ्लू
टेक्नोलॉजीज की सीईओ युशरा खान उपस्थित रहीं। (संवाद)

# भाषा विवि में अब विद्यार्थी पढ़ेंगे मोबाइल पत्रकारिता

### एनईपी के तहत कोर्स में किया गया बदलाव

लखनऊ। ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय के पत्रकारिता विभाग के विद्यार्थी अब कोर्स में मोबाइल जर्नलिज्म (मोजो) भी पढ़ेंगे। राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) के तहत विभाग ने पत्रकारिता के पाठ्यक्रम में बदलाव करते हुए इसे शामिल किया है।

प्रवक्ता डॉ. रुचिता चौधरी ने बताया कि एनईपी में विद्यार्थियों को शैक्षिक ज्ञान के साथ व्यावहारिक शिक्षा देने की बात कही गई है। इसी क्रम में विभाग ने पाठ्यक्रम से नए सिलेबस में परंपरागत अध्यायों को बदलते हुए नए अध्यायों को शामिल किया गया है। नए पाठ्यक्रम में विद्यार्थी को स्टोरीटेलिंग, मीडिया लिटरेसी, रेडियो प्रोग्राम प्रोडक्शन, मीडिया विजुअल प्रोडक्शन, न्यूमीडिया, ब्राडकास्ट मीडिया जैसे पेपर पढ़ाए जाएंगे। (संवाद)

## शोध विद्यार्थी जमा करें प्रमाणपत्र

लखनऊ। बीबीएयू में सत्र 2023-24 की पीएचडी प्रवेश प्रक्रिया बंद कर दी गई है। लेकिन कई शोध विद्यार्थियों ने विभाग को अभी तक स्थानांतरण प्रमाणपत्र जमा नहीं किया है। ऐसे विद्यार्थियों को परीक्षा नियंत्रक ने नोटिस जारी किया है। समय पर माइग्रेशन जमा न करने पर प्रवेश रद्द किया जा सकता है। इसके लिए विभागों को निर्देशित किया गया है। शोध विद्यार्थियों से प्रमाणपत्र लेकर परीक्षा नियंत्रक कार्यालय को भेजने के निर्देश दिए गए हैं। (संवाद)

CS CamScanner

# भाषा विवि : शिक्षकों के 116 पदों के लिए 500 आवेदन

संवाद न्यूज एजेंसी

लखनऊ। ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय में 116 पदों पर होने वाली शिक्षक भर्ती के लिए 500 अभ्यर्थियों ने आवेदन किया है। इसके लिए जून के दूसरे सप्ताह में लिखित परीक्षा का आयोजन किया जाएगा। इसके बाद साक्षात्कार के जरिये चयनितों की अंतिम सूची जारी की जाएगी।

**जून में होगी लिखित परीक्षा, नए सत्र में जॉइनिंग**

भाषा विश्वविद्यालय ने विभिन्न विभागों में शिक्षकों की भर्ती के लिए मार्च में आवेदन मांगे थे। इसमें 14 प्रोफेसर, 27 एसोसिएट प्रोफेसर और 74 असिस्टेंट प्रोफेसर के पद शामिल थे। 15 अप्रैल आवेदन के लिए अंतिम तिथि तय की गई थी, जो अब बीत चुकी है। विश्वविद्यालय लंबे समय से शिक्षकों की कमी से जूझ रहा था। साथ ही इसी वर्ष विश्वविद्यालय में इंजीनियरिंग, फार्मेसी और विधि के स्ववित्तपोषित पाठ्यक्रम शुरू होने से शिक्षकों की बड़े पैमाने पर जरूरत थी। इसे देखते हुए कुलपति प्रो. एनबी सिंह ने संविदा शिक्षकों की भर्ती किए जाने का निर्णय लिया और आवेदन के लिए विज्ञापन जारी किया।

## पठन-पाठन होगा सुचारू

हाल ही में विवि में पूर्व में हुई शिक्षक भर्ती मामले में कई शिक्षकों पर कार्रवाई के बाद इंजीनियरिंग संकाय के शिक्षकों पर कक्षाओं का दबाव बढ़ गया है। छात्र-छात्राओं की कक्षाओं पर भी इसका असर पड़ा है। नई भर्ती होने से शिक्षकों पर जहां अतिरिक्त कक्षाओं का दबाव कम होगा, वहीं विद्यार्थियों का पठन-पाठन भी निर्बाध होगा।

## आवेदनों की हो रही स्क्रीनिंग

पदों के सापेक्ष आए आवेदनों की स्क्रीनिंग कराई जा रही है। अगले माह तक लिखित परीक्षा कराकर भर्ती प्रक्रिया पूरी कर ली जाएगी। - डॉ. भावना मिश्रा, कुलसचिव-भाषा विश्वविद्यालय

CamScanner



हिन्दुस्तान मदर्स स्पेशल अनोखी कार्यक्रम सुपर मॉम रविवार को विकास नगर स्थित आयमन रेस्टोरेंट में आयोजित किया गया। मस्ती, मनोरंजन से भरे इस माहौल के केन्द्र में माताएं ही रहीं। इसमें उन्होंने रैम्प वॉक किया तो फिल्मी गीतों पर खूब थिरकीं।

## मदर्स स्पेशल अनोखी कार्यक्रम सुपर मॉम्स को रहा समर्पित, विशेषज्ञों ने सुपर मॉम्स को दिए सेल्फ केयर के टिप्स

# अनोखी क्लब की हर मां सुपर मॉम की तरह दिखी




लखनऊ, कार्यालय संवाददाता। हिन्दुस्तान का मदर्स स्पेशल अनोखी कार्यक्रम सुपर मॉम को समर्पित रहा। कामकाज से कुछ वक्त की दूरी बनाकर माताएं अनोखी क्लब में अपने लिए खुश दिखीं। रैम्प पर वॉक भी की और फिल्मी गीतों पर नृत्य भी किया, साथ ही कई गीत भी सुनाए। मस्ती, मनोरंजन से भरे इस माहौल के केन्द्र में माताएं ही रहीं।

अनोखी कार्यक्रम का आयोजन रविवार को विकास नगर स्थित आयमन रेस्टोरेंट में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि, ईमाम, डिपार्टमेंट ऑफ जर्नलिज्म एण्ड मास कम्युनिकेशन, ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय की प्रो. रुचिता सुजय चौधरी और फिटनेस ट्रेनर प्रतीक्षा गुप्ता ने किया। दोनों ही मेहमानों ने सुपर मॉम्स के लिए सेल्फ केयर के टिप्स दिए। अनोखी क्लब की महिलाओं का जोश और उत्साह देखने वाला था। हर किसी के मां के चेहरे पर मुस्कान थी तो वहीं कुछ महिलाएं अपनी मां को याद कर भावुक हो गए। दूसरी महिलाओं ने परिवार के सदस्यों की तरह भावुक महिलाओं को ढांढस बंधाया। कार्यक्रम में हर महिला ने माना कि किसी के भी जीवन की नींव मां ही होती है। संचालन मनिषा महेश्वरी ने किया।

### मां नहीं तो कोई वजूद नहीं: डा. रुचिता सुजय



डा. रुचिता सुजय चौधरी ने कहा कि मां का प्यार अनमोल है। इसकी तुलना दुनिया की किसी भी चीज के साथ नहीं की जा सकती। मां का प्यार और दुलार एक बच्चे के लिए उसके बड़े होने के बाद भी वैसा ही बरकरार रहता है जैसा कि बचपन में था। उन्होंने कहा कि किसी भी व्यक्ति के जीवन में माता का स्थान सबसे अधिक है क्योंकि माता ही हमें जन्म देती है, वही हमारी पहली शिक्षिका भी है। नौ महीने अपने गर्भ में रखकर असहनीय पीड़ा सहकर मां हमें जन्म देती है। यदि माता न हो तो हमारा भी कोई वजूद नहीं होगा। मातृ दिवस के अवसर हम सभी अपनी माता के प्रति प्यार और सम्मान प्रकट करते हैं। उन्हें धन्यवाद देते हैं की उन्होंने हमें इस दुनिया में आने का मौका दिया और पाल पोस कर इस काबिल बनाया कि हम विश्व पटल पर अपने हस्ताक्षर कर सकें। उन्होंने कहा कि भारत की संस्कृति में माता को पूजनीय माना जाता है, पिता को आकाश का स्थान दिया गया है और माता को पृथ्वी का। उन्होंने कहा कि मातृ दिवस मनाने का लक्ष्य है कि अपने भाग दौड़ भरे व्यस्त जीवन से हम सभी अपनी माता को याद करने का समय निकालें। जिस तरह से आज सभी लोग बहुत व्यस्त है, शहरों में रह रहे बच्चे कई कई दिनों, हफ्तों तक अपनी मां से बात नहीं कर पाते हैं। इसलिए यह दिवस मनाया जाता है।

### आप फिट रहेंगी तो परिवार स्वस्थ रहेगा: प्रतीक्षा



राजाजीपुरम स्टोर्म फिटनेस यूनिसेक्स जिम की प्रमुख प्रतीक्षा गुप्ता ने अनोखी कार्यक्रम में मौजूद महिलाओं को सेल्फ केयर के कई महत्वपूर्ण सुझाव दिए। खास बात ये रही कि सभी महिलाओं ने शपथ ली कि अनोखी कार्यक्रम में जो सुझाव दिए गए हैं उसे अपनी दिनचर्या में जरूर शामिल करेंगी। प्रतीक्षा ने कहा कि महिलाएं घर का ध्यान रखती हैं, बच्चों का ध्यान रखती हैं, कभी कभी इन सब कामों के साथ महिलाएं ऑफिस भी जाती हैं इसके बावजूद वह दोनों जिम्मेदारियां बखूबी निभाती हैं। इतनी व्यस्तताओं की वजह से महिलाएं खुद पर ध्यान नहीं दे पाती हैं। प्रतीक्षा ने कहा कि इसलिए महिलाओं के पास कितनी भी जिम्मेदारियां क्यों न हुए उन्हें खुद के लिए वक्त निकालना चाहिए। कम से कम एक घंटा तो जरूर निकालें, योग करें, एरोबिक करें, व्यायाम करें लेकिन कुछ करें। अगर महिलाओं ने अपनी दिनचर्या में एक घंटा प्रतिदिन अपने लिए शामिल कर लिया तो वह अपने परिवार की जिम्मेदारियों को निर्वहन अच्छे तरीके कर सकेंगी क्योंकि वो स्वस्थ्य रहेंगी। उन्होंने कहा कि फिटनेस का प्रभाव बहुत होता है। जो ख्याल नहीं रखते हैं तो उन पर उम्र हावी दिखती है लेकिन जो खुद को फिट रखने के लिए प्रयास करते हैं वो अपनी उम्र से कम दिखते हैं और आन्तरिक रूप से सशक्त होते हैं।

### इन्हें मिले खास अवार्ड

- परफेक्ट मॉडल मॉम: ज्योत्सना
- परफेक्ट हेयर मॉम: ममता
- परफेक्ट ड्रेस मॉम: विनीता ओझा
- परफेक्ट स्टाइल मॉम: वर्तिका
- परफेक्ट स्माइल मॉम: वन्दना



पसंदीदा गीत पर महिलाओं ने नृत्य कर कार्यक्रम में समां बांध दिया।

### मतदान की शपथ ली

कार्यक्रम में महिलाओं ने लोकसभा चुनाव में मतदान की शपथ ली। महिलाओं ने 20 मई को चुनाव में पहले मतदान की बात कही। मतदान के लिए प्रेरित करने के लिए कोई घर में बैठे आलस्य हो, वोट डालने कोई नहीं जाता तो गीत भी सुनाया गया।

### गीत, नृत्य, कविता से बना माहौल

कार्यक्रम में महिलाओं ने प्रतिभा का खूब प्रदर्शन किया। अंशिका ने झुमका गिरा रे बरेली के बाजार में गीत पर प्रभावी प्रस्तुति दी। छह महिलाओं ने तू कितनी अच्छी है, तू कितनी प्यारी है ओ मां गीत सुनाकर हर किसी को भावुक कर दिया। मधु ने अम्मा का विनटा कहानी सुनाई। इसके साथ ही दर्जन भर महिलाओं ने फिल्मी गीतों पर नृत्य प्रदर्शन कर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। अच्छा डांस करने वाली महिलाओं, कविता सुनाने वाली महिलाओं और गीत सुनाने वाली महिलाओं को हिन्दुस्तान की ओर से पुरस्कार दिए गए।

### अनोखियों की बात



अनोखी कार्यक्रम महिलाओं के लिए खास है। क्योंकि यहां सिर्फ महिलाओं की बात होती है। मनोरंजन के साथ-साथ जीवन को सुधारने के सुझाव भी मिलते हैं।
वर्तिका अग्रवाल



इस प्रकार के आयोजन से न सिर्फ एक दूसरे मिलने का मौका मिलता है बल्कि हर बार कुछ नया सीखने को मिलता है। यहां मौजूद सभी महिलाओं के चेहरों पर खुशी दिखती है।
सदफ नाज



कार्यक्रम में शामिल होकर बहुत अच्छा लगा। यहां के सभी सदस्य परिवार जैसे हो गए हैं। हर बार के आयोजन में कुछ नई जानकारियां मिलती हैं।
संचिता त्रिपाठी



अनोखी जैसे कार्यक्रम समय समय पर होते रहना चाहिए। ये एक ऐसा मंच है जहां मनोरंजन के साथ ही अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करने का अवसर भी मिलता है।
वीना धापला



मदर्स स्पेशल अनोखी कार्यक्रम में बहुत मजा आया। ये दिन हर महिला के लिए बहुत खास होता है। सभी को अपनी माताओं का सम्मान करना चाहिए।
रेनू सिन्हा



महिलाओं को खुद के लिए समय निकालना चाहिए। इस बात को अनोखी कार्यक्रम से अपने साथ लेकर जा रही हूं। इसका पालन अपनी दिनचर्या में करूंगी।
निरुपमा गुप्ता



सिर्फ महिलाओं के लिए अनोखी होना ही इसकी खूबसूरती है। यही वजह है कि अधिक से अधिक महिलाएं अनोखी क्लब के साथ जुड़ती जा रही हैं। ये कारवां बहुत बड़ा हो गया है।
मीरा कीर्ति माथुर



एक ही मंच पर कई तरह के अनुभव मिलते हैं। ये अनोखी कार्यक्रम की ही विशेषता है जहां अनजान लोग भी परिवार के जैसे हो जाते हैं। इसलिए बार बार अनोखी में आती हूं।
आरती निगम



अनोखियों ने फिल्मी गीतों की धुन पर जमकर ठुमके लगाए।

# सड़क पर चलते वाहन हो जाएंगे चार्ज... छात्रों ने बनाया माडल

जागरण संवाददाता • लखनऊ : सोचिए आप जिस वाहन को चलाते हैं और वह चलते-चलते सड़क पर चार्ज हो रही है, इसके लिए वाहन को रोकने की जरूरत नहीं है। इस तरह का माडल ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय में सिविल इंजीनियरिंग के छात्रों ने तैयार किया है। इसमें उन्होंने एक डायनेमिक वायरलेस ई वाहन चार्जिंग पथ से वाहनों को चार्ज करने का एक नया तरीका दिया है।

छात्रों ने अपने माडल में वाहनों को चार्ज करने के लिए सड़क पर रखे चार्जिंग पैड का इस्तेमाल किया है। यह चार्जिंग पैड वाहनों को बिना रुके चार्ज करने की सुविधा देता है। कार, बस और ट्रक में इस तकनीकी से बिना तार और प्लग के चार्ज करने की सुविधा प्रदान करती है। इसमें वाहनों को चार्ज करने के लिए अलग-अलग चार्जिंग स्टेशन तलाशने की जरूरत नहीं पड़ेगी। वायरलेस ई-वाहन चार्जिंग वाहनों के लिए एक स्वच्छ ऊर्जा स्रोत है। इससे प्रदूषण भी नहीं फैलता है। चार्जिंग पैड वाहनों को चार्ज करने के लिए वायर या केबल की जरूरत नहीं होती है। सिविल इंजीनियरिंग विभाग के छात्र हृदेश, प्रियांशु और तनिष्का ने माडल तैयार किया है। प्रोजेक्ट के सुपरवाइजर इंजीनियर अभिषेक अवस्थी और इंजीनियर सलमान अंसारी ने बताया कि इस तरह के सड़क भविष्य में बनाए जाएंगे। इस प्रोजेक्ट पर अभी रिसर्च हो रहा है। आगे यह एक क्रांतिकारी कदम हो सकता है, जो वाहन उद्योग की दिशा और दशा बदल सकता है।



वाहन चार्ज करने का माडल प्रस्तुत करते विद्यार्थी • सौजन्यः संस्थान

• केएमसी भाषा विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों ने इंजीनियरिंग के क्षेत्र में किए अभिनव प्रयोग

## सम सेमेस्टर की परीक्षा शुरू

भाषा विश्वविद्यालय में सत्र 2023-24 के सम सेमेस्टर की परीक्षा गुरुवार से शुरू हो गई। पहले दिन दोनों पालियों में 1682 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी। 23 विद्यार्थी अनुपस्थित रहे। कुलपति प्रो. नरेंद्र बहादुर सिंह ने केंद्रों का निरीक्षण कर परीक्षा के सफल संचालन के लिए निर्देश दिए।

CamScanner

लखनऊ, गुरुवार, 2 मई 2024 06 हिन्दुस्तान

## कैम्पस 30s

# उर्दू छात्रों के विदाई समारोह में गूंजीं कविताएं

लखनऊ। ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय के उर्दू विभाग में एमए अंतिम वर्ष और बीए अंतिम वर्ष के लिए विदाई समारोह हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता उर्दू विभाग के अध्यक्ष प्रोफेसर फखरे आलम ने की। फखरे आलम ने कहा कि हर इंसान में कुछ क्षमताएं होती हैं जो उसे अद्वितीय बनाती हैं और शिक्षा उसे इस विशिष्टता की खोज करने और जीवन में क्षमता का उपयोग करने की जागरूकता प्रदान करती है। इस मौके पर कविताएं भी सुनाईं गईं।

CamScanner

# भाषा विश्वविद्यालय में चल रहीं लैंग्वेज लैब

- भाषाओं को समृद्ध करने के लिए वर्तमान में ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विवि में लैंग्वेज लैब काम कर रही हैं। यहां की प्रवक्ता डॉ. रुचिता चौधरी ने बताया कि उर्दू, पर्शियन व अंग्रेजी विभाग में लैंग्वेज लैब हैं जहां विद्यार्थियों को भाषाओं का विस्तृत अध्ययन कराया जा रहा है।

CamScanner

# भाषा विवि : एमबीए व एमसीए में आए सबसे अधिक आवेदन

## सीयूईटी में पीजी कोर्सों में प्रवेश के लिए 5905 विद्यार्थियों ने किया चुनाव

संवाद न्यूज एजेंसी

लखनऊ। ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय में एमबीए और एमसीए पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए सबसे अधिक अभ्यर्थियों ने दावेदारी पेश की है। एमबीए में 60 सीटों के लिए 1633 और एमसीए की 60 सीटों के लिए 824 अभ्यर्थियों ने आवेदन में भाषा विश्वविद्यालय का चुनाव किया है। ...रे नंबर एमबीए फाइनेंस एंड अकाउंट के लिए 30 सीटों पर 411 ने आवेदन किया है।

भाषा विश्वविद्यालय के प्रवेश समन्वयक प्रो. एहतेशाम अहमद ने बताया कॉमन यूनिवर्सिटी एंट्रेंस टेस्ट (सीयूईटी) पीजी के तहत विश्वविद्यालय में विभिन्न पाठ्यक्रमों के लिए कुल 5905 अभ्यर्थियों ने अपने आवेदन पत्र में भाषा विश्वविद्यालय का विकल्प प्रवेश के लिए चुना है। उन्होंने बताया कि विश्वविद्यालय में स्नातक और परास्नातक के अलावा कई डिप्लोमा और सर्टिफिकेट प्रोग्राम में भी छात्र प्रवेश ले सकते हैं। विवि में बीफार्मा और डीफार्मा में प्रवेश दिया जा रहा है।

विद्यार्थी विश्वविद्यालय की वेबसाइट kmclu.ac.in पर आवेदन फॉर्म भर सकते हैं। आवेदन शुल्क पांच सौ रुपये है। सीयूईटी के तहत सबसे कम सात विद्यार्थियों ने एमए पर्शियन के लिए आवेदन किया है। वहीं स्नातक स्तर पर करीब पांच सौ विद्यार्थियों ने अब तक विभिन्न पाठ्यक्रमों में आवेदन फॉर्म भरा है।

### कल से शुरू होंगी सम सेमेस्टर परीक्षाएं

भाषा विश्वविद्यालय में 2 मई से सम सेमेस्टर की परीक्षाएं शुरू होंगी। इसके लिए परीक्षा कार्यक्रम जारी किया जा चुका है। विद्यार्थी विवि की वेबसाइट से विस्तृत परीक्षा कार्यक्रम डाउनलोड कर सकते हैं। सभी परीक्षाएं 18 मई को समाप्त होंगी। 11 मई को विश्वविद्यालय में पीएचडी की प्रवेश परीक्षा भी होगी। प्रवेश पत्र जारी किए जा चुके हैं।

| पाठ्यक्रम | आवेदन | सीटें |
|---|---|---|
| एमटेक कंप्यूटर साइंस विद एआई एंड एमएल | 236 | 18 |
| एमटेक मेकट्रोनिक्स | 19 | 18 |
| एलएलबी | 437 | 60 |
| एमबीए | 1633 | 60 |
| एमसीए | 824 | 60 |
| एमबीए फाइनेंस एंड अकाउंट | 411 | 30 |
| एमए अरबी | 36 | 60 |
| एमकॉम | 204 | 60 |
| एमए इकोनॉमिक्स | 313 | 60 |
| एमए एजुकेशन | 163 | 60 |
| एमए अंग्रेजी | 423 | 60 |
| एमए फाइन आर्ट्स | 41 | 60 |
| एमए जॉग्रफी | 217 | 60 |
| एमए हिंदी | 109 | 60 |
| एमए हिस्ट्री | 262 | 60 |
| एमए होम साइंस | 40 | 60 |
| एमजेएमसी | 273 | 60 |
| एमए उर्दू | 44 | 60 |
| एमए पर्शियन | 7 | 60 |

CamScanner